दिनांक 26.10.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्टॉल के माध्यम से नागरिकों तक पहुंचेंगे गोबर से बने दीये और मूर्ति

भिलाईनगर/ इस बार दीपावली में घरों को गोबर से बने दीयों से रोशन करने स्व सहायता समूह की महिलाएं जुटी हुई है। नगर पालिक निगम भिलाई के गोबर खरीदी केन्द्रों में सवा लाख गोमय दीया निर्मित कर विक्रय करने के लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। गोधन से निर्मित उत्पाद नागरिकों को आसानी से उपलब्ध हो सके इसके लिए निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर स्टाॅल लगाया गया है, ताकि समूह की महिलाएं स्थानीय बाजारों में भी दीये की मांग अनुरूप विक्रय कर सके। स्टाॅल में लोग दीवाली त्योहार में घर को रोशन करने चटक रंग से बने आकर्षक दीये तथा घरों को सजाने के लिए सीनरी , श्रीलक्ष्मी गणेश की प्रतिमा व ग्वालीन भी महिला समूहों के स्टाॅल से खरीदने उत्साह दिखा रहे है। दीया पूर्ण रूप से ईको फ्रेंडली है एक बार इसका उपयोग करने के पश्चात खाद के रूप में भी प्रयुक्त किया जा सकता है। एनयूएलएम के अमन पटले ने बताया कि अब तक जोन 01 में 18 हजार दीये, जोन 03 में 4 हजार दीये तथा जोन 04 में 30 हजार दीये और पूजा के लिए मूर्तियां बन चुकी है।

चटक रंगो से बने दीये स्टाॅल का आकर्षण , सूर्या मॉल सहित इन स्थानों में लगा स्टॉल - अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि ने स्टॉल का जायजा लिया और महिलाओं को प्रेरित किए। शहरी आजीविका मिशन की महिला समूहों द्वारा गोबर से बने उत्पादों के विक्रय के लिए मुख्य कार्यालय, भिलाई के सूर्या माॅल, जोन 02 निगम कार्यालय एवं हाउसिंग बोर्ड पौनी पसारी , जोन 03 निगम कार्यालय, जोन 04 पाॅवर हाउस बस स्टैण्ड एवं आईटीआई के पीछे गोधन न्याय योजना केंद्र , जोन 05 सेक्टर 06 ए मार्केट एवं सेक्टर 06 सांई मंदिर के सामने स्टाॅल लगाया गया है , स्टाॅल में गोबर से बने चटक रंगो के दीये और मूर्तियां स्टाॅल का आकर्षण बनी हुई है।

जनसम्पर्क अधिकारी